'आत्मनिर्भरता को गति देगा माइक्रोफाइनैंस'

■ NBT न्यूज, लखनऊ : माइक्रोफाइनेंस असोसिएशन ऑफ यूपी (उपमा) ने सोमवार को गोमती नगर के एक होटल में 9वां राज्य माइक्रोफाइनैंस सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें ग्रामीण महिलाओं, किसानों और छोटे उद्यमियों के वित्तीय समावेशन पर मंथन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि वित्तीय समावेशन से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और रोजगार सृजन होगा।

9वें राज्य सम्मेलन में वित्तीय समावेशन पर हुई चर्चा

मुख्य वक्ता आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने पारदर्शिता व ग्राहक हितों की सुरक्षा पर जोर दिया, जबकि आईआईएम बेंगलुरु के प्रो. एमएस श्रीराम ने कहा कि लक्ष्य सिर्फ लोन



देना नहीं, बल्कि आजीविका बदलना होना चाहिए। सम्मेलन में एमएसएमई लेंडिंग, जिम्मेदार ऋण वितरण और एचआर प्रबंधन पर तीन परिचर्चाएं हुईं, जिनमें एसबीआई, नाबार्ड, सिडबी और एसएलबीसी के अधिकारी शामिल हुए। मौके पर लखनऊ रेंज के आईजी एस. किरण को सम्मानित किया गया, जबकि उपमा के चेयरमैन मुकुल जैसवाल व सीईओ सुधीर सिन्हा ने तकनीक के साथ मानवीय संवेदना बनाए रखने की बात कही।